# TO SOLVE THE PROBLEM OF INCREASING UNEMPLOYMENT.

**14/18/357 (30) SH. BALRAJ KUNDU (MEHAM)**

Will the Chief Minister be pleased to State:

a) Whether there is any proposal under consideration of the Government to complete the process of the recruitments of 32000 and 13500 advertised posts of Group C and Group D, respectively through Common Eligibility Test before election;

b) The number of unemployed youths who got the employment through the common eligibility test so far;

c) Whether there is also any proposal under consideration of the Government to solve the problem of the increasing unemployment in State together with the details thereof?

**MANOHAR LAL, CHIEF MINISTER**

**Sir,**

**a & b)** The Haryana Staff Selection Commission is in the process of completion of the recruitment for 37891 posts of Group C and 13536 posts of Group D. The Government has already offered employment to 10233 candidates based on result declared by Haryana Staff Selection Commission on basis of CET Level-II exam of Group C posts on 05 February 2024.

**c)** Haryana Public Service Commission and Haryana Staff Selection Commission are regularly inviting applications against vacant permanent posts in various Departments/Boards/Corporations while Haryana Kaushal Rozgar Nigam Ltd. is doing so for contractual posts. Government is also taking several policy and pragmatic steps to new job opportunities in private sector. The Periodic Labour Force Survey (PLFS) July-September 2023 published by the Government of India, Ministry of Statistics and Programme Implementation (National Sample Survey Office) clearly shows that unemployment rate (for persons 15 years old and above) in Haryana has been progressively

decreasing from 11.3 % (October – December 2022), 8.8 % (January – March 2023), 6.5 % (April –June 2023) to 5.2 % (July – September 2023), which is now lower than the adjoining States, e.g., Himachal Pradesh (14.5% : July – September 2023) and Punjab (8.8% : July – September 2023).

## बढ़ती बेरोजगारी की समस्या का समाधान करना

**14/18/357 (30). श्री बलराज कुंडू (महम):–**

क्या मुख्यमंत्री कृपा बताएंगे कि:–

**क)** क्या चुनाव से पहले सामान्य पात्रता परीक्षा के माध्यम से ग्रुप सी तथा ग्रुप डी के क्रमशः 32000 तथा 13500 विज्ञापित पदों की भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

**ख)** उन बेरोजगार युवाओं की संख्या कितनी है जिन्हें सामान्य पात्रता परीक्षा के माध्यम से अब तक रोजगार मिला है; तथा

**ग)** क्या राज्य में बढती बेरोजगारी की समस्या का समाधान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

**मनोहर लाल, मुख्यमंत्री**

**महोदय,**

क एवं ख) हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ग्रुप सी के 37891 पदों और ग्रुप डी के 13556 पदों के लिए भर्ती पूरी करने की प्रक्रिया में है। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा दिनांक 05.02.2024 को ग्रुप ग पदों की सीईटी लेवल–II की परीक्षा के परिणाम के आधार पर सरकार पहले ही 10233 उम्मीदवारों को नौकरी प्रदान कर चुकी है।

**ग)** हरियाणा लोक सेवा आयोग और हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग नियमित रूप से विभिन्न विभागों/बोर्डों/निगमों द्वारा भेजी गई मांग के आधार पर स्थायी पदों के लिए प्रार्थना प़त्र आमंत्रित कर रहे हैं जबकि अनुबंधित पदो ंके लिए यही कार्य हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड कर रहा है। निजी क्षेत्र में नये रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए सरकार कई नीतिगत एवं व्यावहारिक कदम भी उठा रही है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय), भारत सरकार द्वारा प्रकाशित आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से पता चला है कि हरियाणा में बेरोजगारी दर (15 वर्ष और उससे अधिक उम्र के व्यक्ति) 11.3% (अक्टूबर–दिसम्बर 2022), 8.8 % (जनवरी –मार्च 2023), 6.5 % (अप्रैल–जून 2023) से 5.2 % (जुलाई–सितंबर 2023) से उत्तरोत्तर कम हो गई है जो अब हिमाचल प्रदेश (14.5%:जुलाई–सितंबर 2023) तथा पंजाब (8.8% : जुलाई–सितंबर 2023) से कम है।